ALL INDIA FAIR PRICE SHOP DEALERS' FEDERATION

*Regd. No. District East/Society/273-2011 of Govt. of NCT. of Delhi*

Regd. Office : S-562, School Block, 'AKHAND HINDUSTHAN BHAWAN' Shakarpur, Delhi - 110 092, Tele Fax : (011) 2248 2244, Mobile : 98110 12241
Head Office : AC-164, Prafulla Kanan (East), Kestopur, Kolkata - 700 101, West Bengal
Phone : (033) 2591 3871, 2591 5079, 2359 2307, Fax : (033) 2591 3871, Mobile : 98301 35530 / 9748777000, E-mail : basu.genl.secy.aifpsdf@gmail.com, Website : www.aifpsdf.org

सन्देश संख्या : AIFPSDF/0776/23

दिनांक : 14.07.2023

# ऑल इंडिया फेयर प्राईश शॉप डीलर्स फेडरेशन की १४/०७/२०२३ को सम्पन्न राष्ट्रीय समिति की वर्चुअल बैठक के महत्वपूर्ण अंश (Minutes)

26, जुलाई 2023 को नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में फेडरेशन द्वारा पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार – कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के सभी राज्यों से तीन हजार डेलिगेट्स विक्रेता भाग ले रहे हैं।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए केंद्रीय खाद्य मंत्री श्री गोयल जी, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती साध्वी निरंजन ज्योति जी से आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में भारतबर्ष के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) के लोकसभा – राज्य सभा के सांसदों को भी आमंत्रित किया गया है।

गौर तलब है कि भारतवर्ष की 80 करोड़ से अधिक की आबादी को देश की सबसे महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अनाज मुहैय्या कराने में दिन रात कार्य करने वाले पांच लाख अड़तीस हजार की संख्या में मौजूद एक वर्ग जिसने कोराना जैसी महामारी में अपनी जान की परवाह किए बगैर लाभार्थी को उनका प्राप्त अनाज दिया, जिससे जन वितरण विक्रेता के रूप में सरकार द्वारा कार्य लिया जाता है – स्वयं उसके लिए जिंदगी जीनी दुर्भर होने लगी है, नाम मात्र के कमीशन पर जिंदगी बसर करनेवाला यह वर्ग आज उपेक्षित है, कोई भी सरकार हो, राजनीतिक दल हो – इस वर्ग के लिए कुछ को छोड़कर आगे आना नहीं चाहते।

इन्हीं कारणों से ऑल इंडिया फेडरेशन द्वारा देश में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ग की पहचान बनाकर उनके हक की आवाज उठाने हेतु कन्वेंशन का आयोजन कर देश के सभी जन प्रतिनिधियों और राष्ट्रीय दलों को समर्थन देने हेतु आमंत्रित किया है।

आज इस आयोजन हेतु देश के 16 राज्यों से फेडरेशन के पदाधिकारियों ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से तैयारियों का व्योरा दिया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श कर निर्णय भी लिए।

आज की बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कांचम कृष्णमूर्ति ने की और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष श्री ओंकार नाथ झा द्वारा किया गया।

सबसे पहले बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्री बिश्वम्भर बासुजी ने बताया कि देश में पहली बार होने जा रहे इस तरह के कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सभी माननीय सांसदों और राष्ट्रीय दलों के अध्यक्ष / महासचिवों को ई – मेल द्वारा कन्वेंशन में आने हेतु आमंत्रित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि देश के सभी राज्यों के कुल 37 खाद्य सचिवों को भी ई – मेल पत्रक द्वारा आमंत्रित किया गया है, राष्ट्रीय महासचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी राज्यों के पदाधिकारियों से कार्यक्रम हेतु फीड – बैक लेते हुए इसकी समीक्षा की।

सभी राज्यों ने कहा कि निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रमों से देश के विक्रेताओं के मान सम्मान को बढ़ाने के साथ – साथ उनकी जीविका को संरक्षित और सुरक्षित रखने में सफलता मिलेगी। सभी राज्य अपने निर्धारित डेलिगेट्स की संख्या के साथ कार्यक्रम में भाग लेंगे।

आज की महत्वपूर्ण बैठक को आसाम से श्री धरनीधर बोरा, श्री हरिनारायण दत्ता, श्री गुंजन बोरा एवं श्री देवेन बोरो, बिहार से श्री बरूण कुमार सिंह एवं श्री गुरूदेव पासवान, छत्तीसगढ़ से श्री रामदेव सिंहा एवं लक्समनिआ उइके, हरियाणा से श्री शीश पाल गोदारा, उत्तर प्रदेश से श्री राजेश तिवारी एवं श्री गिरीश तिवारी, जम्मू कश्मीर से श्री अजय गुप्ता एवं ए. कुमार, दिल्ली से श्री सौरभ गुप्ता, पंजाब से श्री गुरजिंदर सिंह सिद्धू, श्री करमजीत सिंह एवं श्री सुखविंदर कांजला, कर्नाटक से श्री टी . कृष्णप्पा, उत्तराखंड से श्री रेवाधर बृजवासी, तेलंगाना से श्री कांचम कृष्णामूर्ति एवं श्री ज्योतिधर सिंह, महाराष्ट्र से श्री डी. एन. पाटिल, श्री राजेश अम्बुस्कर एवं श्री निलेश देशमुख, राजस्थान से श्री डिम्पल कुमार शर्मा, मिजोरम से श्रीमति पी. सी. लालठाकिमी और उड़ीसा से श्री नागेंद्र जेना, पश्चिम बंगाल से श्री बिश्वम्भर बासु, श्री राज कुमार मित्तल, श्री मृणाल बोसे एवं श्री कौशिक साहा ने संबोधित किया और अपने अपने प्रदेशों की तैयारियों का खाका रखते हुए प्रदेश की समस्याओं को भी रखा।

यह तय किया गया कि सेमिनार सम्पन्न होने के बाद बचे समय में राज्यों के मौजूद पदाधिकारियों के साथ एक बैठक भी कर ली जाएगी जिसमें अन्य आवश्यक विषयों के अलावे आसाम, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान और पंजाब के सांगठनिक समस्याओं का समाधान कर दिया जायेगा।

राष्ट्रीय महासचिव ने निर्देश दिया कि कन्वेंशन में भाग ले रहे सभी राज्य के पदाधिकारी अपने – अपने राज्यों से कम से कम एक लोकसभा सदस्य और एक राज्य सभा सदस्यों को कार्यक्रम में लाने का कार्य करेंगे, अधिकतम जो भी आऐंगे उनका स्वागत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी राज्यों से दो राष्ट्रीय पदाधिकारियों का नाम दो दिनों के अंदर राष्ट्रीय समिति को भेजा जाय जो अपने राज्य के काउंटर पर मौजूद रहकर प्रवेश पत्र का वितरण सूची के आधार पर करेंगे और डेलिगेट्स को सभी सुविधाएं मुहैय्या कराएंगे।

कहा कि कार्यक्रम १० बजे से प्रारंभ हो जाएगा जिसके लिए सभी डेलिगेट्स को ८-३० बजे सुबह तक तालकटोरा पहंचना अनिवार्य होगा।

सभी राज्य अपने राज्य से भाग ले रहे डेलिगेट्स की सूची दो तीन प्रतियों में टाईप करवाकर साथ में लाऐंगे, सभी को प्रवेश – पत्र, डेलिगेट्स किट्स दी जाएगी, उनके लिए भोजन का भी उत्तम प्रबंध किया जा रहा है।

स्टेडियम में स्टेट वाइज काउंटर लगाया जाएगा, सभी राज्यों को निर्देशित किया गया कि वे दिल्ली में मौजूद अपने राज्यों के प्रमुख समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया के संवाददाताओं के नाम दो दिनों के अंदर वाट्सएप नं. के साथ राष्ट्रीय कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

जारी......३

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री ओंकार नाथ झा ने कहा कि यह देश के विक्रेताओं के लिए गौरव की बात है कि हम अपनी आजिविका को सुरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन कर देश के सभी राजनीतिक दलों और सर्वोच्च प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए मंथन करेंगे और सरकार तक अपनी बात भी पहुंचाने का काम करेंगे।

इन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हम एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीकों से सरकार पर दबाव बना कर अपनी मांगो पर निर्णय लेने के लिए बाध्य करें, हमने बहुत धरना प्रदर्शन किया, दर्जनों बैठकें की लेकिन सरकार की हठधर्मिता से हम आहत जरूर हुए लेकिन हिम्मत नहीं हारी है, हम राष्ट्रीय योजना को सरजमीन पर लागू करते हैं, सरकार को हमारी बात सुननी ही होगी और इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा लिया गया ऐसा निर्णय सराहनीय है, जिसे पुरी तरह सफल करने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है।

अंत में राष्ट्रीय महासचिव ने निर्देशित किया कि पुर्व में सभी राज्यों को दिये गये टास्क को जल्द पूरा किया जाय, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कन्वेंशन के बावजूद भी अगर सरकार हमारी वाजिब मांगो पर मौन रहती है तो बाध्य होकर १६ जनवरी २०२४ को देश के ५ (पांच) लाख विक्रेता करो या मरो की तर्ज पर दिल्ली के रामलीला मैदान में हुंकार भरेंगे।

भूतपूर्व उपाध्यक्ष झारखंड से श्री चंद्रिका प्रसाद सिंह जिनकी अभी निधन हुआ है की आत्मा की शांति की कामना की गई।

**<u>अंत में राष्ट्रीय महासचिव ने निम्नलिखित निर्देश दिए :-</u>**

(१) अपने सदस्य को जानो (KYM) फार्म साफ – साफ भरकर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें।

(२) सामूहिक हस्ताक्षर अभियान अगस्त – २०२३ तक पूरा करना होगा।

(३) मानसून सत्र के लिए प्रस्तावित प्रश्नों के साथ अपने सांसदों से संपर्क करें।

(४) गैर – पीडी वस्तुओं, जैसे हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, गणेश फूड प्रोडक्ट्स, टाटा आदि की वस्तुओं की बिक्री के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से कार्यप्रणाली तैयार करने का अनुरोध किया।

आज की वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनुपस्थित नेताओं के बारे में गंभीरता से विचार किया गया और उनसे अनुरोध किया गया कि वे राष्ट्रीय महासचिव को बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी अनुपस्थिति के कारणों के बारे में आज (१४/०७/२०२३) की बैठक से **७ दिन के भीतर सूचित** करें।

अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष के संबोधन के पश्चात बैठक की कार्रवाही समाप्त की गई।

सभापति को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात अगली बैठक तक बैठक स्थगित की गई।

सभा के सभापति

**श्री कांचम कृष्णामूर्ति**
**सभापति**
**<u>१४/०७/२०२३</u>**